के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

सोहना, 28 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/अशोक गर्ग। स्कूल ऑफ मेडिकल एंड एलाइड साइंस, के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने 26 सितंबर 2022 (सोमवार) को आईपीजीएएसएफ के सहयोग से विश्व फार्मासिस्ट

दिवस मनाया और "ड्रग एब्यूज" पर मूट कोर्ट केआरएमयू कैंपस में एक स्किट आयोजित की । कार्यक्रम की शुरूआत औपचारिक संबोधन के साथ डॉ. सुचेता, एसोसिएट प्रोफेसर, एसएमएएस के द्वारा इस वर्ष विश्व फार्मासिस्ट दिवस के मूल विषय "एक स्वस्थ दुनिया के लिए फार्मेसी की संयुक्त भूमिका" के साथ की गई। उन्होंने तनाव की स्थिति के दौरान युवाओं द्वारा किया जाने वाला मादक पदार्थ के सेवन से होन वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने अफीम, कोकीन, भांग, एम्फैटेमिन-प्रकार के नए साइकोएक्टिव उत्तेजक पदार्थों की विश्व स्तर पर आपूर्ति और मांग का अवलोकन और साथ ही स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव पर अपने विचार साझा किए। आयोजन का उद्देश्य नशा मुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवा पीढ़ी के सहयोग को मजबूत करना था।

संकाय समन्वयक श्री सुनील कुमार, डॉ. सुचेता, सुश्री रेणु यादव एवं अन्य संकाय पूरे आयोजन के दौरान उपस्तिथ रहे। बी. फार्म व डी. फार्म के विद्यार्थियों ने अल्पकालिक आनंद के लिए साइकोएक्टिव ड्रग्स न लेने का संदेश देने हेतु एक प्रहसन (स्किट) प्रस्तुत की। फार्मेसी पेशे और उनकी भूमिकाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रश्नोत्तरी भी लड़ी गई। कार्यक्रम का समापन डॉ. सुचेता (संकाय, एसएमएएस) द्वारा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।श्री सुनील एवम अन्य संकायों के द्वारा सभी छात्रों को शपथ दिलाई गई और सभी छात्रों ने नशे से दूर रहने और भारत को नशा मुक्त देश बनाने का प्रयास करने का संकल्प लिया।